दिन– मंगलवार दिनांक– 31 / 12 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधि – 15 मिनट

---

01. राज्य में जमीन सर्वे का कार्य जुलाई दो हजार छब्बीस तक होगा पूरा। शहरी क्षेत्रों में भी की जाएगी सर्वेक्षण की शुरूआत।

02. बिहार विधान परिषद के विधानसभा कोटे की एक रिक्त सीट के लिए उपचुनाव तेईस जनवरी को होगा।

03. सीबीडीटी ने विवाद से विश्वास योजना की समय सीमा इकतीस जनवरी, दो हजार पच्चीस तक बढ़ाई।

04. और, मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के अधिकतर भागों में न्यूनतम तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस तक की कमी का पूर्वानुमान व्यक्त किया।

---

राज्य में जमीन सर्वे की समय सीमा एक बार फिर बढ़ा दी गई है। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह ने पटना में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए बताया कि भूमि सर्वेक्षण का कार्य करने के लिए जुलाई दो हजार छब्बीस तक समय सीमा निर्धारित की गई है।

–––बाईट–––

श्री सिंह ने कहा कि भूमि सर्वे का काम बिना किसी विवाद के पूरा कराने के लिए समय सीमा का विस्तार किया गया है।

–––बाईट–––

श्री सिंह ने बताया कि ग्रामीण के साथ ही शहरी क्षेत्रों का भी भूमि सर्वेक्षण किया जाएगा। इसके तहत पहले चरण में दो लाख से कम आबादी वाले शहरों का सर्वेक्षण होगा। इसकी शुरूआत सोनपुर, तारापुर, बक्सर, बांका, राजगीर और डेहरी से होगी।

---

बिहार विधान परिषद के विधानसभा कोटे की एक रिक्त सीट के लिए उपचुनाव तेईस जनवरी को होगा। चुनाव आयोग के अनुसार उपचुनाव के लिए अधिसूचना आठ जनवरी को जारी की जायेगी। नामांकन पत्र तेरह जनवरी तक दाखिल किये जा सकते हैं। चौदह जनवरी को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी तथा सोलह जनवरी तक नाम वापस लिये जा सकते हैं। आवश्यकता पड़ने पर मतदान तेईस जनवरी को सुबह नौ बजे से शाम चार बजे तक होगा। उसी दिन मतों की गिनती होगी। गौरतलब है कि विधानसभा कोटे की यह सीट राजद के सुनील कुमार सिंह की सदस्यता समाप्त होने के बाद सत्ताईस जुलाई से खाली है।

---

बिहार विधान परिषद के पूर्व सदस्य आजाद गांधी ने राजद की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद को भेजे इस्तीफे में कहा है कि पार्टी में पुराने और समर्पित कार्यकर्ताओं को सम्मान नहीं मिल रहा है।

---

उप मुख्यमंत्री सह पथ निर्माण मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि व्यस्त रेलवे क्रॉसिंग फाटकों पर रेलवे ओवर ब्रिज, आरओबी बनाया जाएगा। उन्होंने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात के दौरान प्रदेश में रेलवे योजनाओं के बारे में बातचीत की और ज्ञापन भी सौंपा। मुलाकात के बाद श्री सिन्हा ने कहा कि पथ निर्माण विभाग के स्वामित्व वाली सड़कों पर रेलवे क्रॉसिंग के बदले आरओबी बनाए जाने की मांग रेल मंत्री से की है। रेल मंत्री ने अधिक से अधिक आरओबी निर्माण का आश्वासन दिया है। श्री सिन्हा ने कहा कि आरओबी के निर्माण से दुर्घटनाओं में कमी आयेगी।

---

केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड–सीबीडीटी ने विवाद से विश्वास योजना की समय सीमा इकतीस दिसंबर, दो हजार चौबीस से बढ़ाकर इकतीस जनवरी, दो हजार पच्चीस कर दी है। इससे करदाताओं को योजना में तय देय राशि निर्धारित करने के लिए अतिरिक्त समय मिलेगा। इस योजना का उद्देश्य करदाताओं को आयकर विभाग के साथ विवादों को सुलझाने में मदद करना है। यह योजना करदाताओं को एक तय प्रतिशत के साथ विवादित राशि का भुगतान करके अपनी बकाया कर देनदारियों का निपटान करने में मददगार है।

---

प्रदेश में साइबर अपराध की बढ़ती घटनाओं से निपटने के लिए आर्थिक अपराध इकाई, ईओयू में एक विशेष कोषांग का गठन किया जाएगा। एडीजी मुख्यालय कुंदन कृष्णन ने पत्रकारों को बताया कि इस कोषांग में आईजी, डीआईजी, एसपी और डीएसपी के साथ इंस्पेक्टर, दारोगा और पुलिस की तैनाती की प्रक्रिया शुरू हो गयी है। उन्होंने कहा कि साइबर अनुसंधान के लिए विधि विज्ञान प्रयोगशाला का गठन किया गया है, ताकि मामलों की जांच में तेजी आ सके। श्री कृष्णन ने कहा कि प्रदेश में साइबर कमांडों भी बनाया जाएगा। इसमें आईटी और तकनीकी क्षेत्र की डिग्री वाले एक सौ छिहत्तर अधिकारियों को तैनात किया जायेगा। वहीं, ईओयू के डीआईजी मानवजीत सिंह ढिल्लो ने कहा कि पटना में साइबर अपराध की बढ़ती घटना को देखते हुए जिले में चार नए साइबर थाने खोले जायेंगे।

---

केंद्र सरकार ने मीडिया में आ रही उन खबरों को खारिज कर दिया है कि डिजी यात्रा का उपयोग कर चोरों को पकड़ने के लिए किया जाएगा। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने यह स्पष्ट किया है कि डिजी यात्रा से संबंधित ऐसी रिपोर्ट निराधार और गलत दावों पर आधारित हैं। मंत्रालय ने कहा है कि डिजी यात्रा पर मौजूद यात्रियों का आंकड़ा भारतीय कर अधिकारियों के साथ साझा नहीं किया जाता है। यह एप केवल घरेलू यात्रियों के लिये है। इसका उपयोग अंतरराष्ट्रीय यात्रियों के लिये नहीं किया जाता है। इस बीच, आयकर विभाग ने भी स्पष्ट किया है कि अभी तक ऐसा कोई कदम नहीं उठाया गया है। डिजी यात्रा चेहरे की पहचान की प्रौद्योगिकी है, जिसका उपयोग विभिन्न हवाई अड्डों पर यात्रियों के संपर्क रहित और निर्बाध आवागमन के लिए किया जाता है।

---

भारतीय रिजर्व बैंक, आरबीआई ने आरटीजीएस और एनईएफटी के माध्यम से पैसे के लेन–देन को सुरक्षित बनाने के लिए एक अप्रैल से ग्राहकों को नई सुविधा देने की कवायत शुरू की है। इसके तहत पैसा भेजने वाले को प्राप्तकर्ता का खाता संख्या डालने के साथ ही उसका नाम देखने की सुविधा मिल सकेगी। आरबीआई ने इस संबंध में नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया, एनपीसीआई से नई सुविधा विकसित करने को कहा है। यह सुविधा ग्राहकों को बिना किसी शुल्क के उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये हैं।

———————————————————————————

बीपीएससी मामले में आंदोलन कर रहे अभ्यर्थियों ने मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा से मुलाकात की। अभ्यर्थियों के प्रतिनिधिमंडल ने अपनी मांगों को रखा। मुलाकात के दौरान गतिरोध दूर करने के संबंध में कोई निर्णय नहीं हो सका। प्रदर्शन कर रहे परीक्षार्थियों ने आंदोलन समाप्त करने से इनकार कर दिया है। इधर, विरोध प्रदर्शन के बीच मुख्य सचिव और बिहार लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष रवि मनुभाई परमार ने राज्यपाल से मुलाकात की और उन्हें पूरी स्थिति से अवगत कराया।

———————————————————————————

सर्द पछुआ हवा के कारण प्रदेश के अधिकांश भागों में ठंड में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। राजधानी पटना समेत राज्य के कई जिलों के अधिकतम तापमान में कमी आई है। हालांकि न्यूनतम तापमान में कमी नहीं दर्ज की गयी है। मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के अधिकतर भागों में न्यूनतम तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस तक की कमी का पूर्वानुमान व्यक्त किया है। मौसम विज्ञान केंद्र, पटना के वैज्ञानिक ने बताया कि नव वर्ष में तापमान में कमी का सिलसिला जारी रहेगा।

———बाइर्ट———

———————————————————————————

प्रदेश में वर्ष दो हजार चौबीस की विदाई और दो हजार पच्चीस के स्वागत के लिए व्यापक तैयारी की जा रही है। नये साल के स्वागत और जश्न को लेकर लोगों में उत्साह है। इसके मद्देनजर प्रशासन ने भी सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये हैं। प्रदेशभर में किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए पुलिस मुख्यालय ने कई निर्देश जारी किये हैं। अपर पुलिस महानिदेशक पंकज कुमार दराद ने कहा कि प्रदेश के सभी प्रमुख जगहों और पर्यटन स्थलों पर बड़ी संख्या में पुलिस बलों की तैनाती की जाएगी।

———बाईट———

इधर, राजधानी पटना में भी नये साल के स्वागत को लेकर उत्साह का माहौल है। सभी प्रमुख कार्यालयों को रंग–बिरंगे बिजली के झालरों से सजाया गया है। होटलों में भी नये साल के स्वागत के लिए विशेष आयोजन के प्रबंध किये गए हैं। तारामंडल, चिड़ियाघर, बिहार संग्रहालय और श्रीकृष्ण विज्ञान केंद्र में लोगों की सुविधा के लिए काउंटरों की संख्या बढ़ा दी गयी है। वहीं, जश्न को शांतिपूर्ण मनाने के लिए सुरक्षा के

चाक–चौबंद इंतजाम किये गये हैं। पटना के संजय गांधी उद्यान और बिहार संग्रहालय में सौ–सौ जवानों की अतिरिक्त तैनाती की गयी है। चिड़ियाघर में बोटिंग पर रोक लगा दी गयी है। गंगा नदी में आज और कल नावों के परिचालन पर रोक रहेगी। शराब पीने वालों की धड़–पकड़ के लिए बड़ी संख्या पुलिस बल की तैनाती की गयी है।

---

महाकुंभ मेला दो हजार पच्चीस के दौरान रेलवे ने यात्रा से पंद्रह दिन पहले अनारक्षित टिकट जारी करने की सुविधा शुरू कर दी है। अब तक अनारक्षित टिकट तीन दिन पहले तक ही लिये जा सकते थे। वहीं, टिकट रद्द कराने की समय सीमा को भी तीन घंटे से बढ़ाकर छह घंटे कर दिया गया है। इधर, यात्रियों की सुविधा के लिए महाकुंभ के दौरान तीन हजार विशेष रेलगाड़ियां चलाई जाएंगी। जिनमें से पांच सौ साठ रेलगाडियां प्रयागराज में बनाए रिंग रेल मार्ग पर चलेंगी। महाकुंभ का आयोजन तेरह जनवरी से छब्बीस फरवरी तक उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में होगा।

---

दशमेश पिता साहिब श्री गुरू गोविंद सिंह जी के तीन सौ अंठावनवें प्रकाश पर्व का आयोजन चार से छह जनवरी के बीच पटना सिटी स्थित तख्तश्री हरमंदिर साहिब में किया जाएगा। इसकों लेकर गुरूद्वारा प्रबंधक कमिटी ने व्यापक तैयारी की है। देश–विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं को ठहरने के लिए राजधानी पटना में बारह स्थानों पर व्यवस्था की गई है। बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन और एयरपोर्ट पर हेल्प डेस्क बनाया जा रहा है, जहां श्रद्धालुओं को विभिन्न जानकारी दी जायेगी। इधर, प्रकाश पर्व पर सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए सौ से अधिक मजिस्ट्रेट और दो हजार से अधिक पुलिसकर्मी तैनात किये जायेंगे।

---

समस्तीपुर जिले के नगर थाना क्षेत्र के मगरदही घाट चौक पर कल रात कबाड़ी दुकान समेत आधा दर्जन दुकानों में भीषण आग लग गई। घटना में लाखों रुपए मूल्य का सामान जलकर नष्ट हो गया। स्थानीय विधायक अख्तरुल इस्लाम शाहीन ने जिला प्रशासन से समस्तीपुर शहर के कबाड़ी दुकानों वाले सभी संवेदनशील स्थानों को चिन्हित कर सुरक्षा के उपाय करने की मांग की है।

---

खगड़िया जिला की चौथम थाना पुलिस ने सरैया गांव में एक दुकान से चैवालीस किलोग्राम गांजा और करीब दो लीटर प्रतिबंधित सिरप के साथ एक महिला को गिरफ्तार किया है। दुकान से एक पिस्तौल, दो जिंदा कारतूस, एक मैग्जीन भी बरामद की गई है।

---

अररिया जिले के आरएस थाना क्षेत्र में पुलिस ने छापेमारी कर भारी मात्रा में मादक पदार्थ स्मैक के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है।

---

अखबारों की सुर्खियां....

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को अपनी प्रमुख सुर्खी बनाई है।

**हिन्दुस्तान** ने जमीन सर्वे की अवधि बढ़ाने को तरजीह देते हुए लिखा है – बिहार में जमीन सर्वे जुलाई दो हजार छब्बीस तक होगा।

**दैनिक जागरण** ने इसरो से जुड़ी खबर का शीर्षक लगाया है – स्पैडेक्स मिशन के साथ भारत ने फिर भरी सफलता की उड़ान।

**दैनिक भास्कर** ने लिखा है – डिजिटल अरेस्ट जैसे साइबर क्राइम से निपटने के लिए साइबर कमांडों विंग का किया जाएगा गठन।

**प्रभात खबर** की सुर्खी है – आचार्य किशोर कुणाल कोनहारा घाट पर पंचतत्वों में विलीन।

**राष्ट्रीय सहारा** का शीर्षक है – नवनियुक्त राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान पटना पहुंचे।

**आज** अखबार लिखता है – नये साल में शिक्षा विभाग में छह हजार पदों पर होगी बहाली।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. राज्य में जमीन सर्वे का कार्य जुलाई दो हजार छब्बीस तक होगा पूरा। शहरी क्षेत्रों में भी की जाएगी सर्वेक्षण की शुरूआत।

02. बिहार विधान परिषद के विधानसभा कोटे की एक रिक्त सीट के लिए उपचुनाव तेईस जनवरी को होगा।

03. सीबीडीटी ने विवाद से विश्वास योजना की समय सीमा इकतीस जनवरी, दो हजार पच्चीस तक बढ़ाई।

04. और, मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के अधिकतर भागों में न्यूनतम तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस तक की कमी का पूर्वानुमान व्यक्त किया।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।